भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 116

उत्तर देने की तारीख 03 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

कारगिल में पर्वतारोहण और स्कीइंग संस्थान

116. श्री मोहम्मद हनीफ़ा:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख के कारगिल जिले में पर्वतारोहण और स्कीइंग की अपार संभावनाएं हैं और पर्वतारोहण और स्कीइंग संस्थान स्थापित करने की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार की कारगिल में उक्त संस्थानों की स्थापना करने की कोई योजना है और इस संबंध में क्या पहल की गई है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में पहलगाम स्थित जवाहर पर्वतारोहण एवं शीतकालीन खेल संस्थान के माध्यम से सोनमर्ग, गुलमर्ग, सनासर, भद्रवाह और शे लेह (लद्दाख) के प्रशिक्षण केंद्रों में पर्वतारोहण और स्कीइंग पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं । जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र सहित देश भर से प्रतिभागी इन पाठ्यक्रमों में भाग लेते हैं। इस संस्थान को रक्षा मंत्रालय, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा सह-वित्तपोषित किया जाता है। वर्तमान में, कारगिल में पर्वतारोहण और स्कीइंग संस्थान स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****